# श्री गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान

23, पार्क रोड, इंदौर

# शासी निकाय की 120वीं बैठक (असाधारण) का कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| बैठक दिनांक | : | 01/10/2015 |
| दिन | : | गुरूवार |
| समय | : | दोपहर 12.00 बजे |
| स्थान | : | कक्ष क्र.216, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल |

Rkshrivastava

# श्री गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान, इंदौर

## संस्थान के शासी निकाय की 120वीं बैठक (असाधारण) दिनांक 01/10/2015 का कार्यवृत्त

संस्थान के शासी निकाय की 120वीं बैठक (असाधारण) गुरुवार, दिनांक 01/10/2015 को दोपहर 12.00 बजे से कक्ष क्र.216, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल में माननीय श्री उमा शंकर जी गुप्ता, मंत्री, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग,म0प्र0 शासन एवं पदेन अध्यक्ष, शासी निकाय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । अध्यक्ष के अतिरिक्त बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित थे।

| | | |
|---|---|---|
| 1. श्री संजय सिंह,<br>प्रमुख सचिव,<br>तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग,<br>मध्यप्रदेश शासन, मंत्रालय, वल्लभ भवन<br>भोपाल– 462 004 | – | सदस्य |
| 2. प्रो. पियुष त्रिवेदी,<br>कुलपति,<br>राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,<br>गांधी नगर,एयरपोर्ट बायपास रोड, भोपाल | – | सदस्य |
| 3. प्रो. आशीष डोंगरे,<br>संचालक<br>संचालनालय तकनीकी शिक्षा, म0प्र0,<br>सतपुड़ा भवन, चतुर्थ मंजिल,भोपाल | – | सदस्य |
| 4. इंजी. हितेन्द्र मेहता,<br>नवनीत प्लाजा, ओल्ड पलासिया, इंदौर | – | सदस्य |
| 5. जस्टिस श्री पी.डी. मुल्ये,<br>सेवानिवृत्त न्यायाधीश,<br>397 एडी, स्कीम नं. 74, सी–20, इंदौर | – | सदस्य |
| 6. श्री एस.एन. कोहली,<br>15/1, साउथ तुकोगंज,इंदौर | – | सदस्य |
| 7. प्रो0 आर.एस. गामड,<br>एसोसिएट प्रोफेसर,<br>इलेक्ट्रानिक्स एण्ड इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग विभाग,<br>श्री जी.एस.आय.टी.एस., इंदौर | – | सदस्य |
| 8. श्री अशोक अतुलकर,<br>असिस्टेंट प्रोफेसर,<br>मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग<br>श्री जी.एस. आय.टी.एस.,इंदौर | – | सदस्य |

अविरत ....2/.

RKShrivastava

9. श्री आर.के. श्रीवास्तव,
प्रभारी निदेशक
श्री जी.एस.आय.टी.एस., इंदौर — सदस्य सचिव

10. श्री सुनील कुमार,
अतिरिक्त सचिव,
तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन,
भोपाल (विशेष आमंत्रित सदस्य) — विशेष आमंत्रित

11. डॉ. शमीम उद्दीन,
ओ.एस.डी., माननीय मंत्री तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग,
मध्यप्रदेश शासन, भोपाल — विशेष आमंत्रित

निम्न सदस्यों को बैठक में अनुपस्थित रहने के कारण अध्यक्ष द्वारा Leave of absence प्रदान की गई ।

1. वित्त सचिव, वित्त विभाग,
मध्यप्रदेश शासन, वल्लभ भवन, भोपाल — सदस्य

2. श्री नारायणसिंह,
संयुक्त सचिव,
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग,
बहादुरशाह जफर मार्ग,नई दिल्ली — सदस्य

3. क्षेत्रीय अधिकारी,
अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद,
श्यामला हिल्स, टैगोर छात्रावास,भोपाल — सदस्य

4. डॉ. दीपक बी. फाटक,
प्रोफेसर, कम्प्युटर साईंस विभाग,
आई.आई.टी.,पवई,मुम्बई — सदस्य

5. श्री नन्दकुमार सेकसरिया
सेकसरिया चेम्बर्स,
139, नागिनदास मास्टर रोड, मुंबई — सदस्य

6. श्री अभयसिंह भरकतिया,
यशवंत निवास कॉलोनी,
यशवंत क्लब के पास, इंदौर — सदस्य

7. डॉ0 सुश्री उत्तमाशा गुप्ता,
प्रोफेसर,
सिविल इंजीनियरिंग विभाग,
श्री जी.एस.आय.टी.एस., इंदौर — सदस्य

अविरत .....3/.

RK Shrivastava

श्री गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान, इंदौर (म0प्र0)

शासी निकाय की 120वीं बैठक (असाधारण) बैठक में रखे गये मदों की सूची

| मद क्रमांक | मद का विवरण |
|---|---|
| मद क्र. 120–01 | राज्य शासन के आदेशानुसार डॉ. सुधीर एस. भदौरिया, निदेशक, एस. जी.एस.आय.टी.एस. को दीर्घावधि अवकाश पर भेजने एवं संस्थान निदेशक का प्रभार डॉ. आर.के. श्रीवास्तव को सौंपने सम्बन्धी । |
| मद क्र. 120–02 | डॉ0 सुधीर एस. भदौरिया,निदेशक द्वारा अध्यक्ष, शासी निकाय को प्रेषित त्यागपत्र दिनांक 24/09/2015 को अध्यक्ष शासी निकाय द्वारा स्वीकृत किये जाने एवं उन्हें संस्थान की सेवाओं से दिनांक 30/09/2015 को कार्यमुक्त किये जाने की कार्यवाही के पुष्टिकरण सम्बन्धी। |
| मद क्र. 120–03 | संस्थान की ग्रीवेंश एवं अपील कमेटी में एक सदस्य (शिक्षक प्रतिनिधि) के नामांकन बाबत। |
| अध्यक्ष की अनुमति से रखे अन्य मद | |
| मद क्र. 120–04(1): | संस्थान के नये निदेशक की नियुक्ति के सम्बन्ध में । |
| मद क्र. 120–04(2): | माननीय उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, खण्डपीठ इंदौर में श्री जीएस टेक्नालॉजीकल सोसायटी एवं शासन के मध्य चल रही याचिका के सम्बन्ध में । |

अविरत ....4/.

RKShrivastava

शासी निकाय की असाधारण बैठक के प्रारम्भ में संस्थान के निदेशक एवं सदस्य सचिव, शासी निकाय द्वारा माननीय अध्यक्ष एवं उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया। तदोपरान्त माननीय अध्यक्ष द्वारा कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए सदन को अवगत कराया कि संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ. सुधीर एस. भदौरिया के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी एवं जो अन्य संबंधित परिस्थितियां बनी थी उसे देखते हुए एवं संस्थान की छवि को ध्यान में रखते हुए सुचिता बनाये रखने की दृष्टि से डॉ. भदौरिया को दीर्घावधि अवकाश पर भेजा गया था । तत्पश्चात् डॉ. भदौरिया ने स्वयं उपस्थित होकर उन्हें अपना त्यागपत्र सौंपा था जिसे स्वीकार कर लिया गया ।

बैठक में प्रस्तुत कार्यसूची पर निम्नानुसार निर्णय लिये गये:–

मद क्र. 120–01 **राज्य शासन के आदेशानुसार डॉ. सुधीर एस. भदौरिया, निदेशक, एस.जी.एस. आय.टी.एस. को दीर्घावधि अवकाश पर भेजने एवं संस्थान निदेशक का प्रभार डॉ. आर.के. श्रीवास्तव को सौंपने सम्बन्धी ।**

राज्य शासन के आदेशानुसार डॉ. सुधीर एस. भदौरिया को दीर्घावधि अवकाश पर भेजने एवं संस्थान निदेशक का प्रभार डॉ. आर.के. श्रीवास्तव को सौंपने सम्बन्धी कार्यवाही का शासी निकाय द्वारा पुष्टिकरण किया गया ।

मद क्र. 120–02 **डॉ0 सुधीर एस. भदौरिया,निदेशक द्वारा अध्यक्ष, शासी निकाय को प्रेषित त्यागपत्र दिनांक 24/09/2015 को अध्यक्ष शासी निकाय द्वारा स्वीकृत किये जाने एवं उन्हें संस्थान की सेवाओं से दिनांक 30/09/2015 को कार्यमुक्त किये जाने की कार्यवाही के पुष्टिकरण सम्बन्धी।**

डॉ0 सुधीर एस. भदौरिया के त्यागपत्र दिनांक 24/9/2015 को माननीय अध्यक्ष शासी निकाय द्वारा स्वीकार किये जाने एवं डॉ. भदौरिया को संस्थान द्वारा दिनांक 30/09/2015 को संस्थान के निदेशक पद से कार्यमुक्त किये जाने एवं डॉ. आर.के. श्रीवास्तव द्वारा संस्थान के प्रभारी निदेशक का पदभार ग्रहण किये जाने सम्बन्धी कार्यवाही का पुष्टिकरण किया गया ।

मद क्र. 120–03 **संस्थान की ग्रीवेंश एवं अपील कमेटी में एक सदस्य (शिक्षक प्रतिनिधि) के नामांकन बाबत।**

संस्थान की ग्रीवेंश एवं अपील कमेटी में स्व. डॉ. दुर्गेश जोशी के स्थान पर डॉ. आर.एस. गामड, एसोसिएट प्रोफेसर, इलेक्ट्रानिक्स एण्ड इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग, एसजीएसआयटीएस, इंदौर के नामांकन का प्रस्ताव अनुमोदन किया गया ।

अविरत .....5/.



RKShrivastava

## अध्यक्ष की अनुमति से रखे अन्य मद

**मद क्र. 120–04(1)** संस्थान के नये निदेशक की नियुक्ति के सम्बन्ध में ।

सदन द्वारा संस्थान के नये निदेशक की नियुक्ति के सम्बन्ध में विचार किया गया एवं सर्वसम्मति से माननीय अध्यक्ष, शासी निकाय को अधिकृत किया गया कि वे संस्थान के निदेशक की नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी करने की कार्यवाही करें। सदन द्वारा शासी निकाय के सदस्यों के सुझाव पर यह भी निर्णय लिया गया कि भविष्य में संस्थान के निदेशक की नियुक्ति पांच वर्ष के कार्यकाल (tenure) हेतु की जावे ।

**मद क्र. 120–04(2):** माननीय उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, खण्डपीठ इंदौर में श्री जीएस टेक्नालॉजीकल सोसायटी एवं शासन के मध्य चल रही याचिका के सम्बन्ध में ।

श्री एस.एन. कोहली द्वारा सदन को सूचित किया गया कि पूर्व में उपरोक्त याचिका के निराकरण हेतु शासी निकाय द्वारा एक कमेटी का गठन किया गया था जिस पर अभी तक समिति की अनुशंसा प्राप्त नहीं हुई है, अतः प्रकरण के यथाशीघ्र निराकरण हेतु शासन के प्रतिनिधि का नामांकन करते हुए नई कमेटी गठन किया जावे । माननीय अध्यक्ष द्वारा वर्तमान परिस्थितियों में निम्न समिति का गठन करते हुए दो–तीन बैठकों में प्रकरण के यथाशीघ्र निराकरण करने की मंशा जाहिर की गई ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. डॉ. पियुष त्रिवेदी,<br>कुलपति, रा.गा.प्रौ.वि.वि., भोपाल | – | अध्यक्ष |
| 2. डॉ. सुनील कुमार गुप्ता,<br>संयुक्त सचिव, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास विभाग,<br>वल्लभ भवन, भोपाल | – | सदस्य |
| 3. जस्टिस पी.डी. मूल्ये | – | सदस्य |
| 4. श्री एस.एन. कोहली | – | सदस्य |
| 5. निदेशक, श्री जीएसआयटीएस, इंदौर | – | पदेन सदस्य सचिव |

**मदक्र.120–04(2):** संस्थान के विस्तृत (Comprehensive) मास्टर प्लान पर की गई कार्यवाही के सम्बन्ध में ।

शासी निकाय के सदस्य श्री हितेन्द्र मेहता द्वारा बताया गया कि संस्थान की 119वीं बैठक के मद क्रमांक 2 (118–21) के अन्तर्गत लिये गये निर्णय के अनुसार संस्थान के विस्तृत (Comprehensive) मास्टर प्लान तैयार करने हेतु एक समिति का गठन किया जा चुका है।

अविरत ....6/.

RKShrivastava
DIRECTOR

समिति की पहली बैठक दिनांक 4 अगस्त, 2015 को आयोजित की गई थी। यह निर्णय लिया गया कि इस सम्बन्ध में शीघ्र ही एक और बैठक संस्थान में आयोजित की जावे जिससे मास्टर प्लान की रूपरेखा तैयार की जा सके ।

अन्त में सदन द्वारा माननीय अध्यक्ष को धन्यवाद देते हुए बैठक का समापन हुआ ।

(डॉ. आर.के. श्रीवास्तव)
सचिव, शासी निकाय
एवं
निदेशक, एसजीएसआयटीएस, इंदौर

(डॉ. आशीष डोंगरे)
संचालक
तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश, भोपाल

(माननीय श्री उमाशंकरजी गुप्ता)
अध्यक्ष, शासी निकाय, एसजीएसआयटीएस, इंदौर
एवं मंत्री, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल